प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश सरकार ने कहा– राज्य में पेट्रोल–डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक : वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च को अयोध्या के प्रस्तावित दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज तैयारियों का लिया जायजा : समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश।
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल असम से जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त : उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ 15 लाख से अधिक किसान होंगे लाभान्वित।
4. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे लखनऊ : मुख्यमंत्री के साथ कल ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे चरण का करेंगे शुभारम्भ।

————————

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल–डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक है। हर जिले में पेट्रोल–डीजल की पूरी उपलब्धता के साथ–साथ पर्याप्त संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिए हैं कि इन उत्पादों की कथित किल्लत की अफवाहें फैलाकर इसकी आड़ में जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं इटावा में प्रदेश के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने लोगों से अपील की है कि अफ़वाहों पर ध्यान न दें। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश की सरकार भी योगी जी ने उसी दिन इस बात को चेताया भी है लोगों को की जरूरत पर खास तौर से घरेलू गैस की किसी प्रकार के भी कोई किल्लत नहीं है और उसको रेगुलेट किया जा रहा है और अपने नेतृत्व पर भरोसा रखिए की हम जब भी कोई देश के ऊपर इस प्रकार की परिस्थिति आई तो बहुत संजीदा तरीके से इसको डील भी किया गया और समस्या को ओवर किया गया हर तरह से इस बात की कोशिश की जा रही है जितने विकल्प है हमारे सारे विकल्पों के इस्तेमाल के की गैस की पेट्रोलियम पदार्थों की किसी प्रकार की कोई कमी ना हो।*

————————

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने आश्वासन दिया है कि देशभर में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति बनी हुई है। सोशल मीडिया पोस्ट में कंपनी ने कहा कि देशभर में उसके पेट्रोल पंप पूरी तरह चालू हैं और पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। कंपनी का कहना है कि ईंधन वितरण भी सूचारू रूप से जारी है। कंपनी ने ग्राहकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की है।

---

19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे से पहले आज अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में चैत्र नवरात्रि और रामनवमी की तैयारियों की भी समीक्षा की गई और सुरक्षाव्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन बंद रहेगा। बाइट.....

*माननीय मुख्यमंत्री जी ने जो सभा स्थल है और जो कार्यक्रम स्थल है जहां–जहां माननीय महोदय जाएंगी उसका जायजा लिया उसके बाद मीटिंग करके सभी अधिकारी को निर्देश दिए। मीटिंग में ना केवल 19 मार्च के कार्यक्रम बल्कि शारदे नवरात्रि और उसके बाद आने वाली रामनवमी का भी उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। उस दिन क्योंकि शारदे नवरात्रि है पहला दिन है तो भीड़ और भी रहेगी। मंदिर में भी कार्यक्रम जब चलते रहेगा महोदय का उस समय दर्शन चलते रहेंगे केवल कुछ पलों के लिए जब महोदय खुद दर्शन करने जाएंगे उसी समय के लिए थोड़ी देर के लिए हम लोग दर्शन बंद करें।*

इससे पहले मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन–पूजन किया। उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह बलरामपुर दौरे के दूसरे दिन देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन–अर्चन किया। मुख्यमंत्री ने यहां नवरात्रि मेले की तैयारियों की समीक्षा की और जन प्रतिनिधियों से संवाद किया। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री ने बैठक में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और चैत्र नवरात्रि मेला की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा नवरात्रि में देवीपाटन शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आमगन होता है जिनकी सुरक्षा, सुगम दर्शन, पेयजल, स्वच्छता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नवरात्रि पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। रामकुमार मिश्र आकाशवाणी समाचार बलरामपुर।*

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ 15 लाख से अधिक किसान भी इससे लाभान्वित होंगे, उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4 हजार 335 करोड़ 11 लाख रुपये भेजे जाएंगे। इसके पहले प्रधानमंत्री ने 19 नवंबर 2025 को कोयम्बटूर से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था।

---

———————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज देर शाम अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। रक्षामंत्री कल लखनऊ में समतामूलक चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का उद्‌घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट.....

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्‌घाटन कार्यक्रम के दौरान समतामूलक चौराहे से डालीगंज पुल तक ग्रीनकॉरिडोर का अवलोकन करेंगे और कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। ग्रीन कॉरिडोर का यह फ़ेज़ 9 दशमलव 2 किलोमीटर लंबा है। 4–लेन रिवर साइड कॉरिडोर गोमतीनगर के समतामूलक चौराहे को निशातगंज, हनुमान सेतु होते हुए डालीगंज तक जोड़ेगा जिससे गोमतीनगर से डालीगंज का सफर महज 5 से 7 मिनट में पूरा हो सकेगा। गोमती नदी के किनारे बने इस कॉरिडोर से पुराने लखनऊ और गोमतीनगर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। राघवेन्द्र त्रिपाठी आकाशवाणी समाचार।*

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ में आर्मी वुमन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सूर्या कमांड में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वीर नारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारतीय सेना में महिलाएँ भी अपने पराक्रम, दक्षता और समर्पण के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

————————

यूपी बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र में व्यापक बदलाव किया गया है। अब हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र नॉन–टियेरबल होंगे। इनमें लगभग सोलह सिक्यूरिटी फीचर होंगे। इस तरह अब किसी भी व्यक्ति द्वारा नकली मार्कशीट बनाना नामुमकिन होगा। यूपी बोर्ड के सचिव ने बताया कि नये अंकपत्रों के अंदर एक खास तरह की कोडिंग की गयी है, जो सिर्फ बोर्ड के द्वारा ही देखी जा सकेगी और इससे जालसाजी पर रोक लगेगी।

————————

रमजान में अलविदा की नमाज कल अदा की जाएगी। इसके मद्‌देनजर प्रदेश के सभी जनपदों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये हैं। राजधानी लखनऊ में भी कल की नमाज को लेकर मस्जिद कमेटियों ने विशेष तैयारियां की हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेशभर में संवेदनशील स्थानों पर व्यापक संख्या में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। कई जगहों पर ड्रोन कैमरा से भी निगरानी की जाएगी। कई क्षेत्रों में नमाजियों की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किया गया है। लखनऊ में अलविदा जुमा की सबसे बड़ी जमात टीले वाली मस्जिद में होगी, जिसमें हजारों की संख्या में लोग एक साथ नमाज अदा करेंगे। मुमताज अली लखनऊ।*

————————

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए शासकीय और वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि लखनऊ के मलिहाबाद, बहराइच, चंदौली, सहित कई जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण के लिए शासनादेश जारी किए गए हैं। इन विद्यालयों के निर्माण पर प्रत्येक परियोजना के लिए लगभग 23 से 28 करोड़ रुपये तक की लागत स्वीकृत की गई है।

———————

मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की हल्की बढ़ोत्तरी, जबकि अगले बहत्तर घंटों में न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना व्यक्त की है।